मध्य प्रदेश के खरगोन जिला के लिये टेलीफोन योजना

648. श्री रामेश्वर पाटीदार : क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मध्य प्रदेश के खरगोन जिले की राजपुर तहसील के ग्राम दबाना कुवां, देवला और नलवाड़ा देव के लिए टेलीफोन योजना मंजूर हो गई थी तथा टेलीफोन कनैक्शनों के लिए आवेदन पत्र देने वालों ने 1976 में आवश्यक राशि जमा कर दी थी ; और

(ख) यदि हां, तो उन्हें कब तक टेलीफोन कनैक्शन दे दिए जाने की सम्भावना है ?

संचार मंत्री (श्री जार्ज फर्नान्डिस) : (क) दबाना के लिए एक छोटे आटोमैटिक एक्सचेंज की मंजूरी दे दी गई है। कुवां में एक स्थानीय पी० सी० ओ० की मंजूरी दे दी गई है जिसे दबाना में छोटा आटोमैटिक एक्सचेंज चालू होने के साथ ही लगा दिया जाएगा। देवला और नलवाड़ादेव में पी० सी० ओ० के प्रस्तावों की मंजूरी नहीं दी गई है। दबाना में टेलीफोन कनैक्शन लेने के लिए 1976 में 18 आवेदकों ने रकम जमा कराई है।

(ख) आशा है कि नए कनेक्शन 6 महीने की अवधि में दे दिए जायेंगे।

खरगोन जिला सलाहकार समिति द्वारा सार्वजनिक टेलीफोन केन्द्र खोले जाने का प्रस्ताव भेजना

649. श्री रामेश्वर पाटीदार : क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मध्य प्रदेश के खरगोन जिले के उन ग्रामों के नाम क्या हैं जिनके लिए सार्वजनिक टेलीफोन केन्द्र खोले जाने की योजनायें अनुमोदन के लिए 1975-76 और 1976-77 में प्राप्त हो गई थी ; और

(ख) उन ग्रामों के नाम क्या हैं जिनके लिए सार्वजनिक टेलीफोन केन्द्र खोले जाने की योजनायें स्वीकृत हो गई हैं?

संचार मंत्री (श्री जार्ज फर्नान्डिस) : (क) जिन स्थानों पर पी० सी० ओ० खोलने के सम्बन्ध में प्रस्ताव मिले हैं उनके नाम वर्षवार नीचे दिए गए हैं ?

1975–76	1976–77
1. आंपली	1. नलवाड़ बुजुर्ग
2. पट्टी	2. मुहम्मदपुर
3. भिरनिया	3. धूलकोट
4. अंडार	4. बरुड
5. मंडाद्वारा	5. भगवानपुरा
6. निपनिया बुजुर्ग	6. बेदिया
	7. बिष्ठान
	8. लोनारा
	9. बमनोला
	10. बागोद
	11. मोरतलाई

(ख) उपर्युक्त सूची में वर्ष 1975-76 के क्रम संख्या (1) से (3) तक और वर्ष 1976-77 के क्रम संख्या (1) से (9) तक के स्थानों पर पी० सी० ओ० खोलने के प्रस्तावों की मंजूरी दे दी गई है।